फा.सं.18/1/2019-गो.1/1

# कर्मचारी चयन आयोग
## (गोप. 1/1 अनुभाग)

**संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएलई), 2019 (टियर- III) – कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन (डीवी) में उपस्थित होने हेतु परिणाम की घोषणा।**

*****

कर्मचारी चयन आयोग ने 22.11.2020 को सीजीएलई 2019 के टियर-III (वर्णनात्मक पेपर) का आयोजन किया था । आयोग ने दिनांक 19.02.2021 को टियर-III (वर्णनात्मक पेपर) का मूल्यांकन करने हेतु अभ्यर्थियों को शॉर्ट-लिस्ट करने के लिए टियर- II परीक्षा का परिणाम घोषित किया था । टियर- II के परिणाम के आधार पर कुल 43,896 अभ्यर्थियों को उनके टियर- III पेपर का मूल्यांकन करने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था।

2. पूर्वोक्त परीक्षा की विज्ञप्ति में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार, "टियर- I, टियर- II और टियर- III परीक्षाओं में अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर, अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन / कौशल परीक्षा अर्थात कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा (सीपीटी) और डाटा प्रविष्ट कौशल परीक्षा (डीईएसटी) में उपस्थित होने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। । कौशल परीक्षा, जहां निर्धारित की गई हैं, उनमें उपस्थित होना अनिवार्य हैं, लेकिन ये अर्हक प्रकृति की हैं । यदि कोई अभ्यर्थी कौशल परीक्षा में उपस्थित नहीं होता है या कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करने में विफल रहता है, तो वह उन पदों के लिए पात्र नहीं होगा जहां सीपीटी/डीईएसटी अनिवार्य है।

3. परीक्षा की विज्ञप्ति (**पैरा 14.3**) के प्रावधान के अनुसार, केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को अगले चरण में शॉर्ट-लिस्ट के लिए पात्र माना गया है, जिन्होंने टियर- III परीक्षा में निम्नलिखित न्यूनतम अंक प्राप्त किए हैं: -

**(i) अना. : 30%**
**(ii) अपिव/आकव : 25%**
**(iii) अन्य : 20%**

4. टियर- I, टियर- II और टियर- III के अंकों के आधार पर, अभ्यर्थियों को परीक्षा के अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। पदों के प्रकार को ध्यान में रखते हुए,

अगले चरण की परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की निम्नलिखित 04 सूचियां तैयार की गई हैं:

| सूची | पद |
|---|---|
| I | सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी (एएओ) |
| II | कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी (जेएसओ)/सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड- II |
| III | सीपीटी की आवश्यकता वाले पद |
| IV | पूर्वोक्त सूचियों में उल्लिखित पदों के अलावा अन्य पद (डीईएससहित) |

5. कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन (डीवी) में उपस्थित होने के लिए टियर-III में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की कट-ऑफ और उनकी संख्या नीचे दी गई सूची के अनुसार है:

**सूची- I: सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी (एएओ) के पद के लिए टियर- III में अर्हताप्राप्त अभ्यर्थी :**

| वर्ग | कट-ऑफ अंक | उपलब्ध अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| अ.जा. | 482.99783 | 358 |
| अ.ज.जा. | 431.74693 | 193 |
| अ.पि.व. | 510.79650 | 825 |
| आ.क.व. | 559.58172 | 335 |
| अना. | 710.40161 | 444 |
| अ.दि. | 503.20099 | 36 |
| श्र.दि. | 438.70577 | 31 |
| अन्य शा.दि. | 357.93200 | 16 |
| कुल | -- | **2238** |

***** ऊपर दर्शाए गए अना. अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अना. मानकों में अर्हता प्राप्त करने वाले 40-अ.जा., 07- अ.ज.जा., 353- अ.पि.वि., 165-आ.क.व. और 01-अ.दि., अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दर्शाया गया है।

**सूची- II: कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी/सांख्यिकीय अन्वेषक ग्रेड- II के पद के लिए टियर- III में अर्हताप्राप्त अभ्यर्थी : –**

| **वर्ग** | **कट-ऑफ अंक** | **उपलब्ध अभ्यर्थी** |
|---|---|---|
| अ.जा. | 417.87503 | 368 |
| अ.ज.जा. | 404.80764 | 184 |
| अ.पि.व. | 480.83991 | 600 |
| आ.क.व. | 503.41946 | 357 |
| अना. | 536.76732 | 307* |
| अ.दि. | 478.28761 | 10 |
| श्र. दि. | 355.89152 | 08 |
| दृ.दि. | 370.64089 | 27 |
| अन्य-शा.दि. | 466.39652 | 01 |
| **कुल** | -- | **1862** |

* ऊपर दर्शाए गए अना.अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अना. मानकों में अर्हता प्राप्त करने वाले 290- अ.जा., 118 अ.ज.जा., 588- अ.पि.व., 350- आ.क.व., 07-अ.दि., 01-श्र.दि और 14- दृ.दि. अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दर्शाया गया है।

**सूची- III: कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा की आवश्यकता वाले सभी पदों के लिए टियर- III में अर्हताप्राप्त अभ्यर्थी : -**

| **वर्ग** | **कट-ऑफ अंक** | **उपलब्ध अभ्यर्थी** |
|---|---|---|
| अ.जा. | 547.75155 | 2168 |
| अ.ज.जा. | 525.37230 | 1045 |
| अ.पि.व. | 593.72162 | 4755 |
| आ.क.व. | 594.89892 | 2283 |
| अना. | 624.28716 | 3181* |
| अ.दि. | 493.90755 | 244 |
| श्र. दि. | 382.89698 | 240 |
| दृ.दि. | 591.03179 | 16 |
| अन्य-शा.दि. | 353.89008 | 50 |
| **कुल** | -- | **13982** |

* ऊपर दर्शाए गए अना.अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अना. मानकों में अर्हता प्राप्त करने वाले 98- अ.जा., 25- अ.ज.जा., 1652- अ.पि.व., 958- आ.क.व., 04-अ.दि., और 06- दृ.दि. अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दर्शाया गया है।

**सूची- IV: पूर्वोक्त सूचियों (डीईएसटी सहित) में उल्लिखित पदों के अलावा अन्य पदों के लिए टियर- III में अर्हताप्राप्त अभ्यर्थी : -**

| वर्ग | कट-ऑफ अंक | उपलब्ध अभ्यर्थी |
|---|---|---|
| अ.जा. | 518.97507 | 3980 |
| अ.ज.जा. | 491.00938 | 2053 |
| अ.पि.व. | 559.79555 | 9887 |
| आ.क.व. | 562.74742 | 4121 |
| अना. | 605.48125 | 5549* |
| भू.पू.सै. | 442.14664 | 854 |
| अ.दि. | 475.68049 | 357 |
| श्र. दि. | 360.37310 | 324 |
| दृ.दि. | 509.62970 | 127 |
| अन्य-शा.दि. | 246.15237 | 127 |
| **कुल** | **--** | **27397** |

* ऊपर दर्शाए गए अना.अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अना. मानकों में अर्हता प्राप्त करने वाले 275- अ.जा., 67- अ.ज.जा., 3320- अ.पि.व., 1730- आ.क.व., 08-भू.पू.सै., 09-अ.दि., और 10- दृ.दि. अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दर्शाया गया है।

**नोट** : जिन श्रेणियों में रिक्तियों को 'शून्य' रिपोर्ट किया गया है, उन्हें उपरोक्त तालिकाओं में नहीं दर्शाया गया है।

6. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि:-

i) टियर- III में योग्य घोषित किए गए सभी अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा /दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा।

ii) एक से अधिक सूची में अर्हताप्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को केवल एक बार कौशल परीक्षा/दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा

। दस्तावेज़ सत्यापन में उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों पर अंतिम चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

iii) सूची- III में अर्हताप्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा (सीपीटी) के लिए बुलाया जाएगा। सीपीटी के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को अलग से डीईएसटी के लिए नहीं बुलाया जाएगा और सीपीटी के मॉड्यूल-I को डाटा प्रविष्टि गति परीक्षा (डीईएसटी) के लिए उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए लिया जाएगा।

iv) सूची- IV (सीपीटी के लिए अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों को छोड़कर) में अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों को डीईएसटी के लिए बुलाया जाएगा।

v) उक्त परीक्षा की विज्ञप्ति के पैरा संख्या 13.2 के तहत प्रावधान के अनुसार, अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों और विभागों के लिए विस्तृत विकल्प या तो ऑनलाइन या दस्तावेज़ सत्यापन के समय लिया जाएगा। यदि किसी अभ्यर्थी ने किसी पद और मंत्रालय/विभाग/संगठन के लिए अपनी वरीयता नहीं दी है तो उसके नाम पर उस पद और मंत्रालय/विभाग/संगठन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के समय दिए गए विकल्पों को अंतिम माना जाएगा और बाद में किसी भी परिस्थिति में उनमें परिवर्तन नहीं किया जाएगा। अत:, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे विकल्प देते समय सावधानी बरतें ।

7. इसलिए, टियर- I, टियर- II और टियर- III में अर्हताप्राप्त शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थी निम्नानुसार कौशल परीक्षा और दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उपस्थित होंगे: -

सूची- I और II - दस्तावेज़ सत्यापन में।

सूची- III - कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा और दस्तावेज़ सत्यापन में ।

सूची- IV * - डीईएसटी और दस्तावेज़ सत्यापन में।
* सूची- III के सामान्य अभ्यर्थियों को छोड़कर ।

8. अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों के सीपीटी/डीईएसटी/दस्तावेज सत्यापन संबंधी कार्यक्रम संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइट पर यथासमय उपलब्ध

होगा। अर्हताप्राप्त/पात्र अभ्यर्थी, जिन्हें बुलावा-पत्र प्राप्त नहीं होते हैं, वे आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों से तुरंत संपर्क करें।

9. अर्हताप्राप्त और गैर-अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों के अंक **09.07.2021** को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। यह सुविधा दिनांक **09.07.2021 से** दिनांक **31.07.2021** तक उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्यर्थी अपनी पंजीकृत आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगइन कर सकते हैं।

(अवर सचिव, गोप-1/1)
29.06.2021